प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 24.07.2024

- **महिला सम्बन्धी अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु कानपुर देहात पुलिस द्वारा अभियुक्तों के विरुद्ध की जा रही कडी कार्यवाही।**
- **थाना सिकन्दरा पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुये नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उप महानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में महिला सम्बन्धी अपराधों/घटनाओं की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 12.08.2023 को वादी द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना सिकन्दरा पर मु0अ0सं0 139/23 धारा 363 आईपीसी बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त की विवेचना के क्रम में साक्ष्य संकलन के आधार पर अभियुक्त आमेर पुत्र अब्दुल रहमान निवासी ग्राम कुठौन्दा थाना रेढर जनपद जालौन का नाम प्रकाश में आया तथा धारा 366/376(3) भादवि0 व 5(J)(ii)/6 पॉक्सो एक्ट की बढोत्तरी की गयी। मुकदमा उपरोक्त में आज दिनांक 24.07.2024 को मुखबिर की सूचना पर थाना पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए अभियुक्त आमेर उपरोक्त को समय 10.20 बजे हरिहरपुर तिराहे कस्बा सिकन्दरा थाना क्षेत्र सिकन्दरा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –

आमेर पुत्र अब्दुल रहमान निवासी ग्राम कुठौन्दा थाना रेढर जनपद जालौन।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 श्री चरण सिंह थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात।
2. का0 966 पवन कुमार थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात।